
# 7 बूझो तो जानें

J4U8W7

आप सभी जानते हैं कि पहेलियाँ बच्चों को बहुत पसंद आती हैं। यहाँ पहेलियाँ देकर छात्रों की विचार शक्ति का विकास करने का प्रयत्न किया गया है।

पहेलियाँ समस्या या प्रश्न के स्वरूप में होती हैं, उन्हें समझना-बुझाना बड़ा अच्छा लगता है। ये पहेलियाँ हमारी विचार करने की शक्ति को बढ़ाती हैं, ज्ञान में वृद्धि करती हैं।

**पहेली को पढ़कर सही चित्र से जोड़िए :**




फल देकर सफल हुए हैं,
हरियाली फैलाते हैं।
फूल, फली, जड़, छाल, बीज दे,
सबको सुखी बनाते हैं।



पत्थर का वन ऊँचा है मन,
उगते पेड़ घने सारे।
नदियों झरनों के उद्गम हम,
भू-तल के हैं रखवारे।




स्वयं न पीती, प्यासी रहती,
देती जगभर को पानी।
खेत सींचती, नाव चलाती,
बहती हूँ मैं मनमानी।



तन है मेरा हरा-भरा,
रस से रहता सदा भरा।
भीतर से मैं हूँ लाल,
प्यास बुझाकर पूछूँ हाल।


हम दोनों हैं पक्के मित्र,
करते रहते काम विचित्र,
पाँच-पाँच सेवक हैं साथ,
लेकिन करते कभी न बात।





कभी हूँ पतला, कभी हूँ मोटा,
कभी गेंद जैसा हूँ।
मेरी कोई बहन नहीं पर,
बच्चों का मामा हूँ।

बड़े सवेरे उठती हूँ मैं,
सैर गगन की करती हूँ मैं।
आलस-सुस्ती तनिक न करती,
हरदम ही कुछ करती हूँ मैं।



**शब्दार्थ**


**पहेली** – समस्या **तन** – शरीर **हस्त** – हाथ **भूतल** – पृथ्वी, धरती, पृथ्वी की सतह

## अभ्यास

**1. वाक्यों में कुछ फल और सब्जियों के नाम हैं, उन्हें ढूँढ़कर उदाहरण के अनुसार लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | उधर आ मत जा। | = | आम |
| (ब) | अन्दर आ लू लग जाएगी। | = | |
| (क) | जयपाल कल आया था। | = | |
| (ड) | संतराम आ गया। | = | |
| (इ) | शैलजा मुनमुन से मिली। | = | |
| (च) | फैला हुआ काम अब सिमट रहा है। | = | |

**2. चित्र पहेलियाँ ध्यान से देखो और बताओ यहाँ कौन-कौन से प्राणी – पक्षी चित्रित हैं ?**





**3. इन शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

**उदाहरण :** पर्वत – हिमालय ऊँचा पर्वत है।

(1) पेड़ (2) नदी (3) आम (4) हाथ (5) मकान (6) खिलौना

**4. आठ अंतर बतलाओ जल्दी, दिखाओ अपनी अक्लमंदी :**

**5. पढ़कर कोष्ठक में उचित शब्द लिखिए :**

(1) किसी को जाने के लिए कहना

(2) जीवन, प्राण

(3) राजा जनक की पुत्री

(4) प्राणी, पशु, जीवधारी

**6. नीचे दी गई वर्ग पहेली में से सार्थक शब्द ढूँढ़कर लिखिए :**


| | | | |
|---|---|---|---|
| म | धु | धु | मा |
| बा | द | ल | मा |
| स | र | ल | दो |
| ग | सा | व | न |
| ती | र्थ | थ | दी |



## स्वाध्याय

S7I2E4

**1. वर्ग पहेली भरिए : ( शब्दकोश का उपयोग कर सकते हैं। )**



| संकेत : बाएँ से दाएँ | संकेत : ऊपर से नीचे |
|---|---|
| 1. नए जमाने का आजकल का (4) | 1. उल्लास, खुशी, हर्ष (3) |
| 3. लड़का, बच्चा (3) | 2. हाथ (2) |
| 5. रात, निशा (3) | 3. वचन, संस्थापक (2) |
| 7. साँस, प्राण, जीवन शक्ति (2) | 4. परमेश्वर (4) |
| 9. हिन्दी साहित्य का एक काल (4) | 6. अपमान, बेइज्जती (4) |
| 11. सिर, बाण, तालाब (2) | 8. रोगी, बीमार (3) |
| 12. गाने के साथ बजाया जाने वाला (2) | 10. आलसी, निकम्मा (4) |
| 13. अभिप्राय, वास्ता (4) | 11. बलवान, ताकतवर (3) |
| 14. होठ, ओष्ठ (2) | 12. प्रत्यक्ष भेंट, मुलाकात (4) |
| 16. तह, स्तर (3) | 15. शरीर, देह (3) |
| 18. खाद्य सामग्री, अनाज (3) | 16. ओहदा, दर्जा, पाँव (2) |
| 19. यश की कथा (4) | 17. निश्चिय, निर्णित (2) |

**2. उचित स्थान पर ( ! ) ( । ) ( , ) ( ? ) ( . ) ( " " ) विरामचिह्न लगाइए :**

(क) आप क्या खाएँगे

(ख) माँ ने पूछा नन्ही बेटी तुम कहाँ रह गई थी

(ग) छि कितना गंदा पानी है

(घ) मेरी पुस्तक का नाम रामायण है

(च) वाह कितनी अच्छी किताब है

**3. समान तुकवाले शब्द बनाइए और लिखिए :**

**उदाहरण :** खाना – भाना, गाना, नाना, दाना

तन – मन, धन, वन, फन


नानी – रानी, धानी, पानी, जानी

**4. आपके घर में या आसपास कोई न कोई पेड़ होगा, उसके बारे में कुछ वाक्य लिखिए।**


**5. नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर ☐ में लिखिए :**

| | |
|---|---|
| **उदाहरण :** शिल्पा **भोली-भाली** लड़की है। | भोली-भाली |
| (1) कक्षा में चार बच्चे बैठे थे। | |
| (2) नीम की पत्तियाँ कड़वी लगती हैं। | |
| (3) नदी में काला पानी है | |
| (4) यह किताब मेरा भाई लाया है। | |
| (5) गिलास में थोड़ा-सा शरबत डाला है। | |
| (6) हमारी पाठशाला में बड़ा बगीचा है। | |
| (7) बाजार में पके केले मिलते हैं। | |

6. चित्र में रंग भरिए और चित्र के बारे में कुछ विचार भी व्यक्त कीजिए :



7. शब्दों को कोश के क्रम में लिखिए :
( पेड़, चिड़िया, काँटा, नदी, पानी, पक्का, पतला, पूजन )



## योग्यता-विस्तार

- अपने विद्यालय के पुस्तकालय से पहेलियाँ ढूँढ़कर संकलन कीजिए और अपने दोस्तों से बुझाइए।
- अपनी पाठशाला में आनेवाली पत्रिकाएँ – जैसे – बालभारती, बालवीर में प्रकाशित वर्ग पहेलियाँ या चित्र पहेलियाँ ढूँढ़कर पढ़िए और संग्रह बनाइए।
- आपको पहेलियाँ पसंद हैं या चुटकुले? क्यों? चर्चा कीजिए।
- आप सभी टेपरिकार्डर, रेडियो या दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित भाषा के कार्यक्रम देखकर या सुनकर चर्चा कीजिए।



## इतना जानिए

**पहेली का उत्तर :**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | धु | नि | 2 क | | 3 बा | ल | 4 क |
| नं | | | 5 र | 6 ज | नी | | र |
| 7 द | 8 म | | | ला | | | ता |
| | 9 री | ति | 10 का | ल | | 11 सै | र |
| 12 सा | ज़ | | 13 म | त | ल | ब | |
| क्षा | | | चो | | | 14 ल | 15 ब |
| त्का | | 16 प | र | 17 त | | | द |
| 18 र | स | द | | 19 य | शो | गा | न |